दर्शन की प्यासी नजरिया मैया लीजे खबरिया लिरिक्स

दर्शन की प्यासी नजरिया,
मैया लीजे खबरिया।bd।

तर्ज – सावन की बरसे बदरिया।

खप्पर वाली माँ जगदम्बा,
चंडी ज्वाला अम्बा अम्बा,
ओढ़े लाल चुनरिया,
मैया लीजे खबरिया।bd।

रण में महिषासुर को मारे,
माँ का शेरा जब हुंकारे,
दीखे लाल नज़रिया,
मैया लीजे खबरिया।bd।

खंज़र चक्र त्रिशूल संभाले,
लाल नयन और जीभ निकाले,
चुनरी रंग केसरिया,
मैया लीजे खबरिया।bd।

गाते गुण माँ भगत तुम्हारे,
आन बसों माँ हृदय हमारे,
'राजेन्द्र' की सुनलो अरज़िया,
मैया लीजे खबरिया।bd।

दर्शन की प्यासी नजरिया,
मैया लीजे खबरिया।bd।

गीतकार/गायक – राजेन्द्र प्रसाद सोनी।
8839262340

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com